न्यायालय असैनिक न्यायाधीश वरीय कोटो-6 सिवान,
जिला-सिवान
हकियत वाद सं. 808 सन् 2013 ई.
मो. अयुब अंसारी वो. मुदईयान
बनाम
अली अख्तर वो.---- प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम : प्रतिवादी सं. 10. मुस्मात बशीरन पति स्व. इजहार साई 10 क- इमत्याज साई 10 ख- रेयाज साई 10 ग आजाद साई, 10 घ शहजाद साई सभी पुत्रगण स्व. इजहार साई निवासी ग्राम रसीदचक पो. सिवान थाना हुसैनगंज जिला सीवान।

चूं मुदईयान ने उपरोक्त वाद आपलोगों के विरुद्ध दाखिल किये है जिसमें सम्मन एवं निर्बंधित सम्मन के तामीला के बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है इसलिए वजरिये इस प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 माह 12 सन् 2026 ई. को खुद या वोकालतन हाजीर अदालत होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपलोगों के गैर हाजोरी में न्यायालय द्वारा एक पक्षीय सुनवाई में निश्चित कर दो जायेगी। इसे अति आवश्यक समझे।

आज तारीख 14 माह 10 सन् 2026 ई. को, मेरे दस्तखत को अदालत के मोहर से जारी हुआ।

असैनिक न्यायाधीश वरीय कोटी 06 सीवान ।

9/484/26

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' को लेकर सीवान में अलर्ट

29-30 अक्टूबर को भारी बारिश की आशंका

सीवान। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संभावित प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतने और आवश्यक तैयारियां पूरी रखने की अपील की है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 29 और 30 अक्टूबर को बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका जताई गई है।31 अक्टूबर को भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। समाहरणालय स्थित जिला जनसंपर्क शाखा की ओर से 27 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और मौसम विभाग व जिला प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की गई है। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और अपुष्ट सूचनाएं प्रसारित कर लोगों में भय नहीं फैलाने की भी सलाह दी है।

जिला प्रशासन ने जलजमाव से निपटने नालों की सफाई और राहत-बचाव की तैयारियां पूरी रखने का दिया निर्देश

जिला प्रशासन ने तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात के दौरान लोगों को पक्के मकानों या सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। इस दौरान खुले मैदान, पेड़ों, जर्जर भवनों तथा बिजली के खंभों और तारों के पास जाने से बचने को कहा गया है। संभावित बारिश और जलजमाव से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों को निचले इलाकों, जर्जर भवनों और जल निकासी नालों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को नालों की सफाई सुनिश्चित करने तथा जरूरत पड़ने पर पानी निकालने के लिए पंप सेट और डी-वाटरिंग की व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है। वहीं, सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नाव, गोताखोर, पॉलिथीन शीट और राहत सामग्री की उपलब्धता की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। बिजली विभाग को भी तेज हवा से तार या बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में त्वरित मरम्मत के लिए टीम सक्रिय रखने को कहा गया है।

बगीचे में मिली युवक की लाश ईंट से कूचकर की गयी हत्या

कटेया। कटेया थाना क्षेत्र के भागीपट्टी झील गांव में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब राम जानकी मंदिर के पास स्थित एक बगीचे में 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। युवक की पहचान गांव के राजाराम राम के पुत्र आकाश भारती के रूप में हुई है। युवक का सिर ईंट से बुरी तरह कुचला गया था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए डीआइयू और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया। पंचायत सरकार भवन में काम कर रहे मजदूरों ने देखा शव, जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह बगीचे के पास निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन में मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर बगीचे में पड़े युवक के शव पर पड़ी। शव देखने के बाद मजदूरों ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कटेया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल को चारों तरफ से घेरकर जांच शुरू की, ताकि वहां मौजूद साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जा सके। युवक की हत्या बेरहमी से किए जाने के कारण घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।

लखरांव बाग के पास झाड़ी से मिला युवक का शव, गला रेत कर हत्या की आशंका

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत लखरांव बाग से तिवारी चकिया जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों से मंगलवार की शाम एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक के गले पर धारदार हथियार (चाकू) से हमले के गहरे निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि गला रेत कर उसकी हत्या की गई है. मृतक की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के छाप गांव निवासी रामपुकार भगत के रूप में की गई है. पत्नी से विवाद के बाद निकला था घर से, घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सोमवार को रामपुकार का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. इसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गया. उसका ससुराल मीरगंज थाना क्षेत्र के ही रानी सरीसवां गांव में है, इसलिए परिजनों को लगा कि वह ससुराल गया होगा. हालांकि, सोमवार की रात करीब 11, बजे रामपुकार ने अपनी पत्नी को फोन कर बताया कि वह भोरे के लखरांव में है. खोजबीन के दौरान सड़क किनारे मिला शव, रात में फोन आने के बाद परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हो गए. मंगलवार की सुबह वे लखरांव पहुंचे और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की. काफी खोजबीन के बाद मंगलवार की शाम तिवारी चकिया जाने वाले मार्ग के किनारे झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला. शराब की बोतलें और गिलास बरामद, साजिश की आशंका, घटनास्थल पर शव के पास से एक बोतल अंग्रेजी शराब, एक बोतल देसी शराब, पीने के गिलास और पानी की बोतलें बरामद की गई हैं. इससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या से पहले वहां शराब पार्टी हुई थी या साजिश के तहत उसे बुलाकर घटना को अंजाम दिया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मोतिहारी
(E-mail Id:-ee.motihari.bcd@gmail.com)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1311 (अनु0) दिनांक – 12/10/2026 एवं सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना का पी0 आर0 सं0 013680 (BCD) 2026-27 के द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित पुनः अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0 -16/2026-27 के निविदा में अंकित कंडिका संख्या 23 को विलोपित करते हुए निम्नांकित शर्तो को अधिरोपित किया जाता है :-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक – 9803(अ), दिनांक– 15.10.2026 के अनुपालन में निविदाओं में परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने पर निविदायें अमान्य मानी जायेंगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे अंकित निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू अतिरिक्त परफॉरमेन्स ग्रान्टी (Additional Performance Guarantee) नियमानुकूल देय होगा।

(क) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 05 प्रतिशत कम उद्धृत दर निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जाएगी।

(ख) परिमाण विपत्र की दर से 05 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर निविदा के लिए 0.5% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जाएगी।

नोट – शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, मोतिहारी

PR- 014247 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 178E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम धुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-08-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीपकुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 178E के क्रेता उपरोक्त श्री उदित टेकडीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिर्ष सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्री उदित टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 179E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम धुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-09-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु दिनांक 17-09-2016 को हो गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्रीमती सरिता टेकडीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 179E की क्रेता उपरोक्त श्रीमती सरिता टेकडीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिर्ष सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्रीमती सरिता टेकडीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण हेतु परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्रीमती सरिता टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

गोपालगंज के लाल ने रचा इतिहास, प्रयागराज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड' मिला

गोपालगंज। जिले के लिए गर्व का ऐतिहासिक क्षण। गोपालगंज के माटी के लाल और युवा फिल्म मेकर दीपक राय द्वारा निर्देशित चर्चित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'बुद्ध के चार धाम' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा दिया है। इस शानदार डॉक्यूमेंट्री फिल्म को प्रतिष्ठित 'प्रयागराज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। वहीं फिल्म के निर्देशक दीपक राय को 'बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड' के लिए चुना गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सम्मान उन्हें आगामी *1, दिसंबर 2026* को उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। अवार्ड सेरेमनी में उत्तर प्रदेश के *उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य* एवं भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार सह सांसद *श्री रवि किशन* के कर-कमलों द्वारा दीपक राय को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया जाएगा।' क्या है %बुद्ध के चार धाम' की कहानी बताया जाता है कि डॉक्यूमेंट्री 'बुद्ध के चार धाम' भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार प्रमुख स्थलों, लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर पर आधारित है। इस फिल्म में इन चारों धामों के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। फिल्म के जरिए दीपक राय ने शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। इसी उत्कृष्ट निर्देशन और शोध के कारण जूरी ने इसे सर्वश्रेष्ठ चुना। दीपक राय की इस बड़ी उपलब्धि पर पूरे बिहार में खुशी की लहर है। इंडियन फिल्म मेकर एसोसिएशन, मुंबई के बिहार चैप्टर की प्रदेश सचिव वंदना शर्मा* ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए दीपक राय को धन्यवाद और उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वंदना शर्मा ने कहा कि दीपक राय जैसे युवा फिल्म मेकर बिहार का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। यह बिहार के सभी युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा है।

गौरतलब है कि दीपक राय लगातार गोपालगंज और बिहार के कलाकारों को बॉलीवुड से जोड़ने का काम कर रहे हैं और इससे पहले भी उनकी कई फिल्में और डॉक्यूमेंट्री चर्चित हो चुकी हैं। इस अवार्ड के मिलने से गोपालगंज जिले का नाम एक बार फिर कला और फिल्म जगत में गर्व से ऊंचा हुआ है।

ब, न्यायालय सीजेएसडी साहब 03 सीवान
मोकदमा नम्बर 147 सन 2008
श्रीपति देवी ------मुद्दईया
बनाम
भोला पसाद वो. --------मुदालहम
नोटिस बनाम : 1- सावित्री कुवर पत्नी स्व भोला प्रसाद 2- अनु कुमार पिता स्व भोला प्रसाद 3- बाला कुमार पिता स्व0 भोला प्रसाद 4- खुशबू कुमारी पुत्री स्व भोला प्रसाद सभी निवासी ग्राम बरहनी थाना सीवान मुफ्फसिल, जिला- सीवान ----- ------------------मुदालहम

चुं उपरोक्त वाद वादी ने वास्ते हकीयत दखलियाबि के दाखिल किया है। जिसमें मुदालहम पर सम्मन नोटिस वो सम्मन रजिस्टर्ड डाक द्वारा तामिला के बावजूद उपस्थित नही होते है इस लिये बजीरये प्रकाशन को सुचित किया जाता है कि दिनांक 03 माह 12 सन 2026 की को 10.30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जो कुछ उजुर खुद या वकालतन देनी हो देवे अन्यथा वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी ताकिद जाने आज ता. 22 माह 09 सन 2026 ई. को मेरे दस्तखत वो अदालत को 22 मुहर से जारी हुआ।

CJSD
साहब 03 सीवान

9/484/26

सड़क हादसे में महिला की मौत, पुत्र घायल

सिधवलिया। सिधवलिया थाना क्षेत्र के सुपौली गांव के समीप एन एच 27 पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई है, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान करसघाट गांव निवासी मकसूदन ठाकुर की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है द्य घायल पुत्र का नाम बृजेश ठाकुर बताया जा रहा है द्य जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि 10 बजे ललिता देवी अपने पुत्र के साथ अपने मायके से बाइक से आ रही थी, इसी दौरान सुपौली गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ललिता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बृजेश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बृजेश ठाकुर अरुणाचल में मजदूरी करता है द्य वह अभी दो माह पहले ही घर आया है द्य मृतका के अन्य दो पुत्र बाहर रहकर काम करते हैं। परिजनों ने बताया कि बाहर रह रहे पुत्रों के आने के बाद ही शव की अंत्येष्टि की जाएगी। घटना के बाद करसघाट के मुखिया मुन्ना कुंवर घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की सूचना सिधवलिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिधवलिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

लहेजी मठ के मठाधीश पर जानलेवा हमला

हसनपुरा। एमएच नगर थाना क्षेत्र के लहेजी स्थित सद्गुरु कबीर मठ के मठाधीश आचार्य महंत अमोद गोस्वामी ने जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाने में दिए आवेदन के अनुसार, मठाधीश ने आरोप लगाया है कि 27 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8-50 बजे वह मठ परिसर में थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों हमलावरों ने चार राउंड गोली चलाई, जिसमें दो गोली मिस हो गई। इस घटना में मठाधीश बाल-बाल बच गए। घटना के बाद उन्होंने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में मठाधीश ने आठ लोगों को नामजद बनाते हुए मठ की संपत्ति को लेकर विवाद करने और उन्हें परेशान करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त सभी आरोपित उनकी हत्या करने की साजिश रच सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वही मठाधीश ने आवेदन में कहा है कि मठ की संपत्ति और उससे जुड़े विवाद के कारण उनकी जान पर खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने की अपील की है।

पानी भरे गड्ढे से मिला वृद्ध का शव

हसनपुरा (सीवान)। एम एच नगर थाना क्षेत्र के पकड़ी नहर के समीप पानी भरे गड्ढे में बुधवार को लापाता 80 वर्षीय वृद्ध का शव लोगों ने देखा। जहां इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहयोग से शव को पानी से बाहर निकला। जहां शव की पहचान लापाता व डीबी गांव निवासी गुलाब हुसैन के रुप में की गयी। शव मिलने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

बिहार सरकार

कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, सारण, छपरा
बाजार समिति प्रांगण, कृषि भवन, छपरा 841301
मोबाईल नं0- 9031645872, दूरभाष सं0- 06152-248042, ई0मेल- dao-cha-bih@nic.in
-: अल्पकालीन निविदा प्रारूप :-

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला वर्ष 2026 का आयोजन दिनांक 22.11.2026 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। अस्थायी बिजली आपूर्ति से सम्बन्धित सामग्री भाड़े पर ली जायेगी। मेला अवधि के लिए सामग्री का दर निर्धारण करने हेतु दिनांक 04.11.2026को पूर्वाह्न 11:00 बजे पूर्वाह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अलग-अलग मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सक्षम निविदादाता निर्धारित समय तक निविदा कर सकते हैं।

प्राप्त निविदा दिनांक 04.11.2026 को 01:30 बजे मध्याह्न में कृषि निदेशक, बिहार, पटना के द्वारा गठित समिति के समक्ष संयुक्त निदेशक (शष्य) सारण प्रमण्डल, छपरा के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

सोनपुर मेला 2026 में विद्युत संबंधित आपूर्ति किये जाने वाली सामग्रियों की सूची :-

क्र0	सामग्रियों का नाम	सामग्रियों का दर (मेला अवधि के लिए)
1	मेनस्विच	प्रति मेनस्विच (मेला अवधि के लिए)
2	मेनसरकिट	प्रति मेनसरकिट (मेला अवधि के लिए)
3	एल0 ई0 डी0 बल्ब- 30/90 वाट	प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब (मेला अवधि के लिए)
4	मेन रनिंग तार	प्रति मीटर (मेला अवधि के लिए)
5	केब स्विच	प्रति केब स्विच (मेला अवधि के लिए)
6	प्लग (थ्री पिन)	प्रति प्लग (मेला अवधि के लिए)
7	एल0 ई0 डी0 बल्ब 09 एवं 18 वाट (लाईट पावर सेवर)	प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब (मेला अवधि के लिए)
8	जेनरेटर सेट तेल सहित-25 के0 वी0 (साउण्डलेस)	प्रति जेनरेटर सेट (मेला अवधि के लिए)
9	फ्लड लाईट	प्रति फ्लड लाईट (मेला अवधि के लिए)
10	एल0 ई0 डी0 सोडियम लाईट-500 वाट	प्रति सोडियम लाईट (मेला अवधि के लिए)
11	एल0 ई0 डी0/सोडियम लाईट-1000 वाट	प्रति सोडियम लाईट (मेला अवधि के लिए)
12	एल0 ई0 डी0/हैलोजन लाईट-1000 वाट	प्रति हैलोजन लाईट (मेला अवधि के लिए)
13	एल0 ई0 डी0/हैलोजन लाईट-500 वाट	प्रति हैलोजन लाईट (मेला अवधि के लिए)
14	चार्जिंग प्वाइंट	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
15	लाउडस्पीकर- पूरा सेट कॉर्डलेस माईक बैट्री के साथ	प्रति लाउडस्पीकर सेट (मेला अवधि के लिए)
16	शो लाईट-प्रति 1000	प्रति 1000 फीट (मेला अवधि के लिए)
17	पंखा-प्रति अदद	प्रति पंखा (मेला अवधि के लिए)
18	कम्प्लेक्स लाइट-प्रति अदद	प्रति कम्प्लेक्स लाइट (मेला अवधि के लिए)
19	बॉक्स लाईट-प्रति अदद	प्रति बॉक्स लाईट (मेला अवधि के लिए)
20	झालर प्रति वर्ग फीट	प्रति वर्ग फीट (मेला अवधि के लिए)
21	एल0 ई0 डी0 टी0भी0 (12x8फीट) या (12x10फीट)	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
22	विडियोग्राफी	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
23	सी0सी0टी0भी0 कैमरा	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)

जिला कृषि पदाधिकारी,
सारण, छपरा

PR. No. 014339 (Agriculture) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, जमुई
पुनः अति अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या-07/2026-27

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, जमुई के जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड के प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में अवस्थित जर्जर भवनों को ध्वस्त करने एवं उसके पश्चात् टूटे हुए सामग्रियों (उपयोगी/अनुपयोगी मलवा) इत्यादि को हटाने हेतु खुली नीलामी आमंत्रित की जाती है। यह नीलामी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक-12.11.2026 को 02:00 बजे अपराह्न में की जाएगी।

क्र0	स्थल/भवन/संरचना का नाम	नीलामी की न्यूनतम राशि	जमानत की राशि	नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक राशि (O-GRAS) Non Refundable	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Dismantling of Materials of Old Staff Qtr, Sono (Jamui) Near New Block Building Sono, Jamui For the Year 2026-27	₹ 35,500.00	₹ 2000.00	₹ 500.00	07 दिन

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, जमुई

PR. No. 014342 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

ब न्यायालय अष्टम असैनिक न्यायाधीश वरीय कोटि सीवान।
स्वत्व वाद संख्या - 226/2019
अब्दुल कलाम एवं अन्य ---वादीगण
बनाम
अहमद अन्सारी एवं अन्य---- प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम : 2- जहीरूल हसन पिता स्व0 अहमद अन्सारी 2-क- आम्बेया खातुन 2-ख- इरफाना खातुन । पुत्रियाँ स्व0 अहमद अन्सारी निवासी ग्राम पड़वा पत्रालय पड़वा थाना-बड़हरिया जिला सीवान
----------------प्रतिवादीगण

चुं उपरोक्त वाद वादी ने वास्ते हकीयत दखलयावि के दाखिल किया है जिसमें मुदालह पर सम्मन नोटिस वो सम्मन रजिस्टर्ड डाक द्वारा तमिला के बावजुद उपस्थित नही होते है इसलिये वजरिय प्रकाशन को सुचित किया जाता है कि दिनांक -14 माह 12 सन 2026 ई0 को 10.30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जो कुछ उजुर खुद या वकालतन देनी हो देवे अन्यथा बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। ताकिद जाने।

अष्टम असैनिक न्यायाधीश वरीय कोटि सीवान 13-10-26

9/484/26

ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
Office of the Executive Engineer, Road Division, Banka
E-mail ID- ee-rd-banka-bih@nic.in, eerdbanka@rediffmail.com, Mob. No.- 9470001267
F2 BASED DETAILED NOTICE INVITING TENDER
(through e-procurement mode only-(http://www.eproc2.bihar.gov.in)
TENDER NOTICE
NIT NO.- 16/RCD/BANKA/2026-27

1. Designation and Address of the Advertiser : Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka
2. Date of issue of Notice inviting Tender : 23.10.2026
3. Start date & Time for Downloading and uploading the Bid documents : From 06.11.2026 (10.00 hours) on https://www.eproc2.bihar.gov.in
4. Last date & Time for Downloading and uploading the Bid documents : 21.11.2026 till time 15.00 hours on https://www.eproc2.bihar.gov.in
5. Last Date, Time & Place for submission of original instrument of EMD & uploading of tender document by the bidders, and cost of BOQ : 23.11.2026, Time- 15.00 hours or next working day of
   (i) Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka.
   (ii) Superintending Engineer, EBC, RCD, Bhagalpur
   (iii) Chief Engineer, Simanchal Wing, RCD Bihar, Patna
   Place for submission : office of the –
6. Date, Time & Place of opening of Finacial Bid : Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka : 24.11.2026, Time-15.30 hours
   Place- on website https://www.eproc2.bihar.gov.in

Sl. No.	Name of work	Estimated / B.O.Q. Amount (in Rs.)	Earnest money (in Rs.)	Cost of B.O.Q. (in Rs.)	Bid Processing Fee through online mode on for Beltron (Non-Refundable) (in Rs.)	Time of completion of work (in month)
1	2	3	4	5	6	7
1	Work for Washing, Painting and Repairing of Amarpur IB Under Road Division, Banka for the Year 2026-27	2746458.00	55000.00	5000.00	1180.00 or as applicable on the website of eproc2.bihar.gov.in	2 Month

3. Bid Validity: 120 Days.
4. Any contractor registered in appropriate class (III & II) in R.C.D. Bihar may participate in this tender.
5. Detailed NIT can be seen on website http://www.eproc2.bihar.gov.inor on the notice board of the office of the undersigned.

Executive Engineer,
Road Division, Banka

PR. No. 014335 (RCD) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

न्यायालय, सिविल जज (वरीय कोटी) VI, सिवान
जिला-सिवान।
मुकदमा नं. 1351 सन् 2025 ई.
मालती देवी एवं अन्य-------मुदईयान
बनाम
उमा माली एवं अन्य--------मुदालहम
नोटिस बनाम : (1). उमा माली, (2). छोटेलाल माली, (3). शेषनाथ माली, (4). किसनाथ माली, चारों पेशरान राजीनंद माली, (5). अर्जुन माली, (6). आशीष माली, दोनों पेशरान स्व0 भुनेश्वर माली (7) शशि देवी, (8). शितल देवी, दोनों पुत्रियाँ स्व0 भुनेश्वर माली, (9). दिनेश माली, पेशर स्व0 भुनेश्वर माली (10). हरिशंकर माली, (11). राजकुमार माली, (12). दिलीप कुमार माली, तीनों पेशरान स्व0 धर्मनाथ माली, सभी निवासी ग्राम-शकरा. पो.-अर्कपुर, हाल शकरा, थाना-असॉव, जिला-सिवान----मुदालहम

विदित हो कि मुदईयान ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त मुकदमा निविष्ट किया है जिसमें आपलोगों के उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा सम्मन एवं निर्बंधित सम्मन निर्गत हो चुका है, बावजूद इसके आपलोग मुकदमा में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं।

अतैव इस प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 01 माह 12 सन् 2026 ई. को 10 AM बजे दिन में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त मुकदमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवायी की जायेगी। इसे अति आवश्यक समझें ।

आज दिनांक 15 माह 10 सन् 2026 ई. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सिविल जज (व0 को0) - VI, सिवान।

9/484/26

समाहरणालय, नवादा
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)
अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाह्न से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :-

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेसिस संख्या	मूल्यांकित राशि	जमानत की राशि	वाहन की अवस्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
01	उत्पाद थाना, नवादा	40/25	HERO SPLENDOR PLUS MOTORCYCLE	JH04U8048	22-Sep-20	HA11EVLHJ01954	MBLHAW111LHJ82536	20000.00	2000.00	कुर्की	विक्की सौरेन, पिता-सोमाल सौरेन, ग्राम-सिकरिया, पोस्ट-सिकरिया, थाना-जामा, जिला-दुमका, (झारखण्ड)-814118
02	उत्पाद थाना, नवादा	373/25	BAJAJ CT 110 MOTORCYCLE	JH12/9011 (JH12L/9011)	30-Jan-20	PFYRKG41118	MD2B37AY9KRG75385	14000.00	1400.00	कुर्की	[illegible]
03	उत्पाद थाना, नवादा	324/25	HONDA SHINE MOTORCYCLE	JH02AN8530	27-Sep-16	JC73E80105649	ME4JC731GG8052838	18000.00	1800.00	रजौली चेक पोस्ट	[illegible] कुमार सिंह, पिता-स्व० राज कुमार सिंह, सा०- H No. 41 [illegible], थाना-रजौली, जिला-नवादा, (बिहार)
04	मुफस्सिल थाना	202/25	AULTO CAR	JH01AL0994	23-Mar-11	F8DN4598583	MA3EAA1S00823148	35000.00	3500.00	मुफस्सिल थाना	श्री दिनेश कुमार, पिता-मुद्रिका प्रसाद, [illegible] रांची, (झारखण्ड)-834001
05	मुफस्सिल थाना	331/25	BALENO CAR	JH09BA9578	19.09.2022	K12NP7098285	MBHHWB13SNG209684	500000.00	50000.00	मुफस्सिल थाना	[illegible] (झारखण्ड)-825408
06	गोविन्दपुर थाना	305/25	HONDA SP 125 MOTORCYCLE	JH11AQ2483	16-Apr-24	JC94EG8623236	ME4JC941DRG167428	60000.00	6000.00	गोविन्दपुर थाना	[illegible] (बिहार)-805128
07	गोविन्दपुर थाना	90/25	GLAMOUR MOTORCYCLE	JH01BU1773	7-Dec-15	JA06EJFGK31781	MBLJA06ANFGK14277	12000.00	1200.00	गोविन्दपुर थाना	[illegible] (झारखण्ड)
08	गोविन्दपुर थाना	31/25	TATA MOTOR INDICA CAR	JH10AW1019	15-Oct-15	475ID05GUYP43367	MAT600185FPG29332	60000.00	6000.00	गोविन्दपुर थाना	[illegible] धनबाद, (झारखण्ड)
09	गोविन्दपुर थाना	294/25	HONDA CB HORNET MOTORCYCLE	JH02AZ7742	29-Jul-18	KC23EA4000884	ME4KC23LDKA800348	25000.00	2500.00	गोविन्दपुर थाना	[illegible] (झारखण्ड)-825405
10	उत्पाद थाना, नवादा	560/25	MARUTI SUZUKI DEZIRE CAR	JH01FA1143	28-Mar-23	K12NP7228110	MBHC2FB835PB384130	400000.00	40000.00	[illegible]	[illegible] (झारखण्ड)-834001
11	उत्पाद थाना, नवादा	146/25	YAMAHA R15 MOTORCYCLE	JH01R5947	5-Nov-24	G3N4E0885675	ME1RG67H8R0052129	95000.00	9500.00	[illegible]	[illegible] जिला-नवादा, (बिहार)-805106
12	उत्पाद थाना, नवादा	919/25	HONDA SHINE MOTORCYCLE	JH11E5520	2-Oct-14	JC36E-T-3167235	ME4JC36JMD7714821	11000.00	1100.00	रजौली चेक पोस्ट	[illegible] (झारखण्ड)

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 014215 [Excise] 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।